Session = 2020 – 2021

दिनांक 8/12/2020 को संगीत विभाग के द्वारा

01.) "संगीत की लोकप्रियता को कैसे बढ़ाया जा सकता है" नामक विषय पर एक ग्रुप डिस्कशन (परिचर्चा) करवाने का निर्णय लिया गया। यह ग्रुप डिस्कशन online zoom app के द्वारा 12/12/2020 को करवाया गया और विद्यार्थियों को इस बारे में 9/12/2020 को सूचित कर दिया गया था। ग्रुप डिस्कशन में संगीत वादन एवं संगीत गायन दोनों विषयों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया और संगीत को अधिक से अधिक किस प्रकार से लोकप्रिय बनाया जा सकता है पर अपने विचार सांझा किए। इस कार्यक्रम की संयोजक Mrs. Pinki Bala (संगीत वादन प्राध्यापिका) रही तथा Mr. Devender Soni (Tabla Player) ने भी अपना सहयोग दिया और कार्यक्रम को सफल बनाया।

9 DECEMBER 2020

संगीत की लोकप्रियता को कैसे बढ़ाया जा सकता है इस विषय पर एक ग्रुप डिस्कशन ऑनलाइन रखी गई है शनिवार 12 दिसंबर को संगीत वादन और संगीत गायन दोनों ही डिपार्टमेंट्स के स्टूडेंट्स इस ग्रुप डिस्कशन में बढ़-चढ़कर भाग ले और इस विषय पर अपने विचार सांझा करें यह कार्यक्रम जूम एप के थ्रू होगा सभी स्टूडेंट्स जूम एप डाउनलोड करें

1:00 pm

शनिवार 12 दिसंबर

11:00 बजे

जूम एप लिंक आपको 10 मिनट पहले भेज दिया जाएगा

1:00 pm

12 DECEMBER 2020

https://us04web.zoom.us/j/79694884014?pwd=NjB5aFZkbjZsSlFrYXZGREFFUStzUT09

11:06 am

Join 11:06 am

Join our Cloud HD Video Meeting

Zoom is the leader in modern enterprise video communications, with an easy, reliable cloud pla

us04web.zoom.us

https://us04web.zoom.us/j/74577893224?pwd=OStvUUxiTCs0TE90MWpZQnRXaDlWZz9


11:49 am

Scanned by CamScanner

PAGE NO.:
DATE: / /

Session = 2020 - 2021



02.) दिनांक 13/01/2021 व 14/01/2021 को महाविद्यालय प्रांगण मे कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक विभाग के निर्देशन पर दो दिवसीय "प्रतिभा खोज" प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का आरम्भ महाविद्यालय प्राचार्य श्री सतपाल गिरोत्रा जी के निर्देश पर सांस्कृतिक तथा कला प्रभारी श्रीमति पिंकी बाला के नेतृत्व मे भिन्न-भिन्न प्रतियोगिताओं जैसे काव्य पाठ, भाषण, मिमिक्री, चित्रकारी तथा संगीत वादन, गायन एवं नृत्य आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के छात्रों ने भरपूर रूचि दिखाई और प्रतियोगिताओं मे बढ़-चढ़ कर भाग लिया। महाविद्यालय प्राचार्य ने बच्चों को ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया और विजेताओं को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे संगीत विभाग के तबला प्लेयर श्री देवेन्द्र कुमार और समस्त प्राध्यापकगणों ने अहम भूमिका निभाई।

03.) दिनांक 26/01/2021 गणतन्त्र दिवस पर महाविद्यालय परिसर में झंडा फहराया गया। करोना महामारी होने के कारण किसी विद्यार्थी को नही बुलाया गया और स्टाफ सदस्यों द्वारा ही सोशल डिस्टैन्सिंग का पालन करते हुए गणतन्त्र दिवस मनाया गया।

Scanned by CamScanner



# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणगढ़ में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया




नारायणगढ़ 13/01/21 को स्नातकोत्त रराजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक विभाग के निर्देशन पर दो दिवसीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस प्रतियोगिता के प्रथम सत्र का आरम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य श्री सतपाल गिरोत्रा जी के कुशल निर्देश पर सांस्कृतिक एवं कला प्रभारी श्रीमती पिंकी बाला के नेतृत्व में भिन्न-भिन्न प्रतियोगिताओं जैसे काव्य पाठ,भाषण,मिमिक्री,चित्रकारी तथा संगीत वादन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।इन प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के छात्रों ने भरपूर रुचि दिखाई और बढ़-चढ़ कर भाग लिया।इन प्रतियोगिताओं के विजेताओ में काव्य पाठ में प्रथम स्थान मनीष,द्वितीय करमबीर तथा तृतीय स्थान सचिन सैनी ने, भाषण में प्रथम साक्षी,द्वितीय राधिका, तृतीय रूपदीप ने प्राप्त किया।संगीत वादन में हर्मोनियम में विजय और संदीप,गिटार में रवि कुमार और संदीप तथा सितार वादन में सोहेल और कानन विजेता रहे ।मिमिक्री में मनीष,रजनी तथा केशव ने क्रमशः प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया।चित्रकारी प्रतियोगिता में प्रियंका,मसीन खान तथा संजना और रितिक ने क्रमशः प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया।महाविद्यालय में समय समय पर बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु इस प्रकार के कार्यक्रम और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है।महाविद्यालय के प्राचार्य ने बच्चों को ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया और विजेताओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक गणों ने अहम भूमिका निभाई।

Seen

Scanned by CamScanner

PAGE NO.
DATE

04.) दिनांक 3 फरवरी 2021 को राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ के प्रांगण में 'बसंत ऋतु' के आगमन पर 'सुगम संगीत' सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन संगीत विभाग द्वारा उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र पटियाला भारत सरकार के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय प्राचार्य श्री सतपाल गिरोत्रा जी के सम्बोधन पर संगीत विभागाध्यक्षा श्रीमति पिंकीबाला जी के संचालन में आरम्भ हुआ। इस कार्यक्रम में अतिथि कलाकार के रूप में श्रीमति सुनीता दुआ सहगल जी ने गायिका के रूप में शिरकत की। उन्होंने नए-पुराने मशहूर गीतों द्वारा अपनी विशिष्ट प्रतिभा का परिचय दिया। इस मौके पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक गण उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अंत में संगीत विभागाध्यक्षा श्रीमति पिंकी बाला ने सभी का धन्यवाद किया और जीवन में संगीत के महत्व को उजागर किया।

05.) Zonal youth Festival on 16th feb to 18th feb 2021 at SMS Khalsa Labana girls College Barara (Ambala)

Achievements :—

1) Commend (2nd) in Choreography.
2) Commend (2nd) in Mime.
3) Commend (2nd) in Rasiya (Haryanvi) group dance
4) Comment (2nd) in Western group song.
5) 2nd Commended [3rd Position] in Rituals
6) 2nd Commended ( " ) in Haryanvi dance female Solo.

Scanned by CamScanner

PAGE NO.:
DATE: / /

7) 2nd Commended [3rd Position] in Mimicry.
8) 2nd Commended (") in Folk instrumental Haryanvi Solo (Benjo).
9) 2nd Commended in Haryanvi Orchestra.
Participated in 18 Events and got position in 9 Events.

दैनिक भास्कर

## अम्बाला भास्कर 04-02-2021

# सुगम संगीत कार्यक्रम में सुरीले गीतों की प्रस्तुति दी

### राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ में साउंड प्रूफ चौधरी लाल सिंह ऑडिटोरियम का भी किया शुभारंभ





नारायणगढ़ | राजकीय महाविद्यालय में सुगम संगीत कार्यक्रम में प्रस्तुती देतीं गायिका व मौजूद लोग।

भास्कर न्यूज | नारायणगढ़

राजकीय महाविद्यालय में उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला की तरफ से सुगम संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सुगम संगीत गायिका सुनीता दुआ सहगल ने नए, पुराने फिल्मी गीत व भजनों की प्रस्तुति दी। वहीं प्रिंसिपल सतपाल गिरोत्रा ने साउंड प्रूफ चौधरी लाल सिंह ऑडिटोरियम का उद्घाटन किया।

कार्यक्रम की संयोजक प्राध्यापिका पिंकी वाला रहीं। गायिका ने पुरानी फिल्म पतिता का गीत "याद किया दिल ने कहा हो तुम" व "लग जा गले से फिर ये मुलाकात हो न हो" गाकर सभी को गुनगुनाने पर मजबूर कर दिया। प्रिंसिपल सतपाल गिरोत्रा ने कहा कि सुगम संगीत भारतीय संगीत विद्या का अंग है। बेशक कॉलेज को 2011 में ऑडिटोरियम मिल गया था लेकिन साउंड प्रूफ न होने की वजह से इसका अधिक इस्तेमाल नहीं हो सका। अब यह ऑडिटोरियम पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने बताया कि पंचकूला, यमुनानगर और अम्बाला में इस तरह का यह पहला ऑडिटोरियम है।

Sem
[signature]

Scanned by CamScanner




जोनल यूथ फेस्टिवल के दौरान प्रस्तुति देतीं छात्राएं। *संवाद*

## इन कॉलेजों के विद्यार्थी ले रहे हिस्सा

राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़, जीएमएन कॉलेज अंबाला छावनी, राजकीय गर्ल्स कॉलेज पंचकूला, एमडीएसडी कॉलेज अंबाला सिटी, खालसा कॉलेज पंजोखरा, राजकीय गर्ल्स कॉलेज अंबाला सिटी, राजकीय कॉलेज अंबाला छावनी, डीएवी कॉलेज अंबाला सिटी, एसएमएस कॉलेज बराड़ा, डीएवी कॉलेज नन्यौला, एमपीएन मुलाना, राजकीय कॉलेज शहजादपुर, एसडी कॉलेज अंबाला कैंट, एसए जैन अंबाला कैंट, राजकीय कॉलेज पंचकूला, आर्य गर्ल्स कॉलेज अंबाला कैंट आदि कॉलेजों से प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं।

# 'जोनल युवा महोत्सव में नारायणगढ़ के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन'



प्राचार्य एवं प्राध्यापकों के साथ युवा महोत्सव में बेहतरीन प्रतिभा दिखाने वाले राजकीय महाविद्यालय के विद्यार्थी। (धर्मवीर)

नारायणगढ़, 19 फरवरी (पंकेस): संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कालेज में 3 दिवसीय जोनल युवा महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें राजकीय महाविद्यालय, नारायणगढ़ के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यह कार्यक्रम 16 से 18 फरवरी तक हुआ, इसमें विभिन्न क्षेत्रीय महाविद्यालयों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। कार्यक्रम का आयोजन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र युवा एवं वैल्फेयर विभाग के दिशा-निर्देश पर करवाया गया।

29 विधाओं में प्रतियोगिताएं करवाई गई, जिसमें महाविद्यालय नारायणगढ़ के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्राचार्य संजीव कुमार के सहयोग तथा सांस्कृतिक विभाग की अध्यक्षा पिंकी बाला के निर्देशन एवं देवेंद्र सिंह, तबला वादक के सहयोग से महाविद्यालय छात्रों ने प्रतियोगिता में भाग लिया और बहुत कम समय में विभिन्न विधाओं को तैयार करके बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। गौरतलब है कि राजकीय महाविद्यालय, नारायणगढ़ ने 18 विधाओं में भाग लिया और अपनी कला और प्रतिभा से सभी प्रतिभागी महाविद्यालयों पर अपनी विशेष छाप बनाई। प्रतियोगिता के प्रथम दिन महाविद्यालय के छात्रों ने कोरियोग्राफी, माइम, हरियाणवी सोलो डांस (पुरुष), हरियाणवी सोलो डांस (महिला), ग्रुप सांग जनरल, रिचयुल, हरियाणवी फोक सांग, फोक सॉंग जनरल, लाइट वोकल इंडियन आदि कुल 09 प्रतियोगिताओं में भाग लिया, जिसमें महाविद्यालय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन द्वारा कोरियोग्राफी, माइम में द्वितीय स्थान तथा हरियाणवी सोलो डांस (महिला) व रिचयुल में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

दूसरे दिन की प्रतियोगिता में महाविद्यालय ने रसिया ग्रुप, हरियाणवी ग्रुप सांग, मिमिक्री, हरियाणवी स्कीट, फोक इन्स्ट्रूमैंट सोलो आदि में भाग लिया और ग्रुप में द्वितीय, मिमिक्री व फोक इन्स्ट्रूमैंट सोलो में तृतीय स्थान प्राप्त किया। तीसरे दिन के कार्यक्रम में हरियाणवी आरकेस्ट्रा, वैस्टरन वोकल सोलो, वैस्टरन इन्स्ट्रूमैंट सोलो, वैस्टर्न ग्रुप सांग में भाग लिया और हरियाणवी आरकेस्ट्रा में तृतीय स्थान व वैस्टर्न ग्रुप सांग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय के प्रदर्शन से महाविद्यालय प्राचार्य संजीव कुमार अत्यंत प्रसन्न हुए और प्रतिभागी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उन्हें जीवन में और बेहतर मुकाम प्राप्त करने की शुभकामनाओं से उनका हौसला बढ़ाया। प्रतियोगिताओं को सफल बनाने के लिए प्रो. वनीता शर्मा, प्रो. गुरप्रीत, प्रो. चंचल, प्रो. सतीश कुमार, प्रो. स्वर्णजीत सिंह, प्रो. बलदेव, प्रो. आशा तथा अन्य स्टाफ सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

Scanned by CamScanner






29 विधाओं में 500 विद्यार्थी बिखेरेंगे प्रतिभा के रंग, पंचकूला और अंबाला के कालेज ले रहे हिस्सा

Scanned by CamScanner

PAGE NO.
DATE

दैनिक भास्कर अम्बाला भास्कर 20-02-2021

# नारायणगढ़ के कॉलेज ने 9 प्रतियोगिताओं में जीते इनाम



नारायणगढ़ | गवर्नमेंट कॉलेज के स्टूडेंट्स ने बराड़ा के एसएमएस खालसा लबाना कॉलेज में जोनल यूथ फेस्टिवल में 9 प्रतियोगिताओं में इनाम जीता है। संगीत विभाग की इंचार्ज पिंकी बाला ने बताया कि हमारे स्टूडेंट्स का कोरियोग्राफी व साइलेंट एक्ट में दबदबा रहा। कॉलेज के प्रिंसिपल संजीव शर्मा व कॉलेज प्रबंधन ने स्टूडेंट्स को स्मृति चिह्न देकर देकर सम्मानित किया।

Seen

PINKI BALA
(Convener)
of Cultural Activities

Scanned by CamScanner